दिनांकः 05.11.2026 समय : 01.00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

.....

केन्द्रीय सूचना तथा प्रसारण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर लोगों में भ्रम फैला रही है। उन्होंने यह बात आज जयपुर में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'लोकतंत्र बचाओ–अराजकता हटाओ' के तहत आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा एसआईआर के कारण चुनाव जीतती है। लेकिन एसआईआर पहले भी होता आया है और इसका उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश में रेल नेटवर्क के विस्तार, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं को अधिक मजबूत बनाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इससे पहले उन्होंने जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा लोकतंत्र का मंदिर है और सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने अग्निवीर योजना के बारे में कहा कि बीते चार वर्षों में इसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। योजना का लगातार मूल्यांकन किया गया है और अग्निवीर योजना सफल साबित हुई है। उधर श्रीगंगानगर में हाल ही में रेलवे ट्रैक पर हुए विस्फोट के मामले में उन्होंने कहा कि रेलवे और राज्य सरकार के अधिकारी संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक साक्ष्य सामने आने के बाद राज्य सरकार एनआईए से जांच कराने के बारे में निर्णय करेगी।

.....

रेल मंत्री ने जानकारी दी कि दीपावली पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रेलगाड़ियों की व्यवस्था की गई है।

.....

पंचायतीराज आम चुनाव के तीसरे चरण में आज ग्राम पंचायतों के सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए मतदान जारी है। सुबह दस बजे तक प्रदेश की 116 पंचायत समितियों में औसतन 20 दशमलव 86 प्रतिशत मतदान हुआ। खैरथल–तिजारा जिले की तिजारा पंचायत समिति में सबसे ज्यादा 28 दशमलव 36 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। डीग जिले की तीन पंचायत समितियों में भी मतदान जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उधर, सलूंबर जिले की चार पंचायत समितियों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए ग्रामीण उत्साह से वोट डालने पहुंच रहे हैं। श्रीगंगानगर जिले की सूरतगढ़, राजियासर और श्रीविजयनगर पंचायत समितियों की 102 ग्राम पंचायतों में भी मतदान जारी है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। इसके तुरंत बाद पहले वार्ड पंच और फिर सरपंच पद के वोटो की गिनती की जाएगी।

.....

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पात्री सेनेगल के डकार में युवा ओलंपिक खेलों में महिला सिंगल्स के फाइनल में पहुंच गयी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय बन गई हैं। तन्वी ने सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले में जापान की यूजोनो वातानावे को हराया। आज फाइनल में तन्वी का मुकाबला चीन की यी जिन झांग से होगा।

.....

नागौर के बडली क्षेत्र में आज पटाखो के गोदाम में आग लगने के बाद विस्फोट से दो लोगों की मृत्यु हो गयी। विस्फोट इतना तेज था कि इसकी आवाज करीब आधा किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत तथा बचाव कार्य शुरू किया। मलबे में कुछ अन्य मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। बचाव दल मलबा हटाकर उनकी तलाश कर रही है।

.....

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक, वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक और पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने सफल अभ्यर्थियों की प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की है। चयन प्रक्रिया के अगले चरण में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को 12 से 21 नवंबर तक ऑनलाइन विस्तृत आवेदन और स्क्रूटनी फॉर्म भरना होगा। इन तीनों भर्तियों के तहत कुल चार हजार 23 पदों पर भर्ती की जा रही है।

.....

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बच्चों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में तुरंत न्याय सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कल शासन सचिवालय में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास से जुड़े विषयों की समीक्षा की। श्रीनिवास ने अधिकारियों को ऐसे मामलों में फॉरेंसिक जांच जल्द पूरी करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य के लिए संबंधित विभागों को समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम और बाल हितैषी पुलिसिंग पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए संचालित ऑपरेशन गरिमा का दायरा बढ़ाकर अधिक सार्वजनिक स्थानों तक पहुंचाने को कहा।

.....